हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024

12 सीडीएलयू परीक्षाओं में एमएम कॉलेज के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



12 भागवत श्रवण से मिलती है पापों से मुक्तिः स्वामी



## जजपा से कांग्रेस में आए डॉ. विरेन्द्र अपने समर्थकों सहित रोड शो का स्वागत करेंगे

# कांग्रेस में विधान सभा टिकट के इच्छुक आज करेंगे प्रदर्शन

विधानसभा चुनावों में कांग्रेस टिकट को लेकर फतेहाबाद में अनेक दावेदार है



फतेहाबाद। बलवान सिंह, प्रहलाद सिंह, डॉ. विरेन्द्र सिवाच व विनीत पुनिया।

सुरेन्द्र असीजा ▸▸| फतेहाबाद

लोकसभा चुनावों को हरियाणा विधानसभा चुनावों का सेमिफाइनल माना जा रहा है। यही कारण है कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों की आड़ में फतेहाबाद के कांग्रेस नेता विधानसभा चुनावों को लेकर शक्ति प्रदर्शन में जुट गए। इसका उदाहरण मंगलवार को सिरसा संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सैलजा के फतेहाबाद में रोड शो को देखा जा सकता है, जहां पर फतेहाबाद विधानसभा से टिकट के चाहवान सभी नेता आपसी गुटबंदी भूलाकर विभिन्न स्थानों पर सैलजा के स्वागत के लिए कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। रोड शो के दौरान करीब 20 कार्यक्रम रखे गए हैं। सोमवार सुबह सैलजा का पहला कार्यक्रम हुडा गुट के नेता प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा द्वारा अपने गांव में कार्यक्रम रखा गया है। इसके बाद गांव दरियापुर में सरपंच एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता चन्द्रमोहन पोटलिया रोड शो का स्वागत करेंगे। फतेहाबाद में विधिवत रूप से मॉडल टाऊन स्थित बत्रा धर्मशाला से रोड शो की शुरूआत होगी। यहां से कुमारी सैलजा खुली जीप में सवार होकर शहर में रोड शो करेंगी। बत्रा धर्मशाला में कार्यक्रम पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया द्वारा रखा गया है। बलवान सिंह दौलतपुरिया को सैलजा गुट का खास माना जाता है। इसके बाद लाल बत्ती चौक पर पूर्व मंत्री सम्पत सिंह रोड शो का स्वागत करेंगे। फतेहाबाद के परशुराम चौक जजपा से कांग्रेस में आए डॉ. विरेन्द्र सिवाच अपने समर्थकों सहित रोड शो का स्वागत करेंगे। इसके बाद रोड शो पुराने बस स्टैण्ड पहुंचेगा, जहां ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉ. विनीत पुनिया व कृष्णा पुनिया द्वारा कार्यक्रम रखा गया है। इसके बाद राजीव गांधी पार्क के पास कांग्रेस नेता राजेश गांधी, विरेन्द्र एडवोकेट, मनोहर कुका पियुष नारंग, धर्मशाला रोड पर टुटेजा ज्वैलर्स पर नगरपरिषद के पूर्व प्रधा जुगलाल टुटेजा, बाबा रामदेव मंदिर के पास रेगर समाज, तुलसीदास चौक पर घनश्याम आनंद, विचार आश्रम मंदिर के पास दर्शन सिंह विर्क रोड शो का स्वागत करेंगे। तत्पश्चात यह रोड शो रतिया चुंगी होते हुए रतिया की ओर प्रस्थान कर जाएगा।

### निशान सिंह भी टोहाना से कांग्रेस टिकट के दावेदार बने

अब तक टोहाना में हुडा गुट के स. परमवीर सिंह ही कांग्रेस के सबसे वरिष्ठ नेता के रूप में जाने जाते थे। सोमवार को जजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह कम्बोज द्वारा कांग्रेस ज्वाइन करने के बाद यहां भी टिकट के लिए कम्पीटिशन बढ़ गया है। अभी तक टोहाना में परमवीर सिंह व हरपाल सिंह के बीच ही टिकट को लेकर कम्पीटिशन था और दोनों ने ही सैलजा के रोड शो के स्वागत की तैयारियां कर रखी हैं। निशान सिंह के आने के बाद टोहाना में टिकट दावेदारों की संख्या बढ़ गई है।

### फतेहाबाद में यह है कांग्रेस टिकट के दावेदार

विधानसभा चुनावों में कांग्रेस टिकट को लेकर फतेहाबाद में अनेक दावेदार है। वर्तमान में कुमारी सैलजा का यहां काम संभाल रहे बलवान सिंह दौलतपुरिया का नाम आता है। वे सैलजा के खास माने जाते हैं और कांग्रेस टिकट के मजबूत दावेदार है। बलवान सिंह इनेलो की टिकट पर फतेहाबाद से विधायक भी रह चुके हैं। इसके बाद पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा का नाम आता है। प्रहलाद सिंह पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के खासमखास है और दो बार कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। कांग्रेस टिकट के दावेदार डॉ. विरेन्द्र सिवाच भी यहां के मतदाताओं पर मजबूत पकड़ रखते हैं। उन्होंने पिछला विधानसभा चुनाव जेजेपी टिकट से लड़ा था और मात्र 3 हजार वोटों से हार गए थे। उन्हें भी पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा गुट का नेता माना जाता है। कांग्रेस हाईकमान के सबसे नजदीकी एआईसीसी के सचिव विनीत पुनिया भी फतेहाबाद विधानसभा से चुनाव लड़ने के इच्छुक है। वे भी रोड शो के बहाने अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। पूर्व मंत्री सम्पत सिंह भी फतेहाबाद से विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं। वे भी सैलजा के रोड शो में अपने समर्थकों सहित शामिल हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### फतेहाबाद जिले से दो विवाहिताएं लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो विवाहिताओं के लापता होने का समाचार है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव नथवान निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि गत दिवस वह काम करने खेत गया था जबकि उसकी 33 वर्षीय पत्नी घर पर थी। जब वह वापस घर आया तो उसने देखा कि घर से उसकी पत्नी लापता थी। इस पर उसने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में रतिया पुलिस ने केस दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

### मकान के ताले टूटे नकदी व मोबाइल चोरी

**फतेहाबाद।** रतिया के गांव खाई में एक मकान के ताले तोड़कर चोर हजारों रुपये की नगदी व अन्य सामान चोरी कर ले गए। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। रतिया पुलिस को दी शिकायत में गांव खाई निवासी मंगत राम ने कहा है कि गत दिवस वह काम करने खेत गया हुआ था। उसने अपने मकान को ताला लगाया था। जब वह खेत से काम करके वापस घर लौटा तो देखा कि उसके मकान के ताले टूटे पड़े थे और अंदर सामान बिखरा हुआ था।

### नांगला मंडी से आढ़ती की 36 बोरी गेहूं चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने टोहाना की नांगला मण्डी से एक आढ़ती की हजारों रुपये की गेहूं चोरी कर ली। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में अनाज मण्डी टोहाना के आढ़ती मोहन लाल ने कहा है कि उसकी अनाज मण्डी में आढ़त की दुकान है। गेहूं के सीजन में उसने गांव नांगला में काफी गेहूं की खरीद की है। उसने गेहूं की बोरियों को नांगला मण्डी में रखा था। गत दिवस रात को अज्ञात चोर वहां से उसकी 36 गेहूं की बोरियों को चोरी कर ले गए हैं।

### अनाज मंडी से दो बैग गेहूं चोरी, मामला दर्ज

**सिरसा।** शहर सिरसा पुलिस ने कपास मंडी की फर्म मैसर्ज सोहन लाल भीमसेन पर कार्यरत ठेकेदार त्रिलोकचंद पुत्र खुबीराम निवासी चत्तरगढ़पट्टद्दी की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। त्रिलोकचंद ने बताया कि वह मंडी में लेबर ठेकेदारी करता है। उसके पास रोहित पुत्र सूरजा राम निवासी संजय कालोनी सिरसा व संदीप पुत्र उमेश कुमार निवासी लटोना (बिहार) भी काम करते है।

### घर में रखा संदूक ही उठा ले गए चोर

**चोपटा।** कस्बे के गांव कुम्हारिया में चोर एक व्यक्ति के घर से संदूक ही उठाकर ले गए। घटना का पता सुबह परिवार के लोगों को चला, जिस पर तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक महेंद्र सिंह ने बताया कि रात्रि को रोजाना की भांति परिवार के लोग खाना खाकर सो गए। देर रात्रि को चोरों ने मकान में घुसकर कमरे में पड़ा लोहे का छोटा संदूक ही उठा लिया और अपने साथ ले गए।

### अशोक कंबोज जनरल सेकेटरी नियुक्त

**सिरसा।** गांव दड़बी निवासी वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता अशोक कंबोज को ऑल इंडिया कांग्रेस वर्कर कमेटी हरियाणा का जनरल सेक्रेटरी नियुक्ति किया गया है। अपनी नियुक्ति पर अशोक कंबोज ने पार्टी हाईकमान का आभार जताया है। अशोक कंबोज ने कहा कि पार्टी की ओर से उन्हें जो जम्मिेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी नष्ठिा व मेहनत के साथ निभाने का प्रयास करेंगे।

## चुनावी प्रक्रिया के दौरान एमसीएमसी रखेगी पेड न्यूज पर नजर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

लोकसभा चुनाव के दौरान उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार पर निरंतर निगरानी रखने के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है। यह कमेटी चुनाव के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर राजनीतिक चुनाव प्रचार की मॉनिटरिंग करेगी।

इसके अलावा पेड न्यूज पर कार्रवाई करना व मीडिया माध्यमों पर चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व प्रमाण पत्र प्रदान करना है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने आदर्श आचार संहिता के अनुरूप राजनीतिक दलों से प्रचार करने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर उम्मीदवार व राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री के प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से प्रमाण पत्र लेना होगा वहीं प्रिंट मीडिया में मतदान से पहले व मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन का भी प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। प्रचार सामग्री का प्रमाण पत्र लेने के लिए 48 घंटे पहले एमसीएमसी के पास प्रमाण पत्र के लिए निर्धारित फार्म में आवेदन करना होगा।

## जिला में 60 प्रतिशत गेहूं की फसल का हुआ उठान

- किसानों को 669 करोड़ का हुआ भुगतान

**फतेहाबाद।** जिला की अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में गेहूं की खरीद के साथ उठान में भी तेजी लाई गई है। जिला में अब 321135 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है। जो खरीद का 60.70 प्रतिशत है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि जिला में अब तक 529040.82 मीट्रिक टन गेहूं की फसल की आवक हुई है। जिसमें से फूड सप्लाई द्वारा 57572 मीट्रिक टन, हैफेड ने 267147 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 183234 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 21087.82 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। इसके साथ ही अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में गेहूं फसल का उठान कार्य भी जारी है। जिला में अब 321135 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है। जो खरीद का 60.70 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जिला में अब तक फूड सप्लाई द्वारा 37024.2 मीट्रिक टन, हैफेड ने 147913 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 121012 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 15185.9 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया गया है।

## पीओ व एपीओ को दिया जा रहा है ईवीएम और वीवीपैट का प्रशिक्षण

**फतेहाबाद।** लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शिता व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार स्थानीय डीपीआरसी हॉल में पीठासीन अधिकारी व सहायक पीठासीन अधिकारियों के लिए क्लास रूम प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम एक मई तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन 90-90 अधिकारियों के प्रतिदिन तीन बैच बनाकर सभी पीठासीन अधिकारी व सहायक पीठासीन अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया के लिए निपुण किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि क्लास रूम प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रैनरों ने पीठासीन



अधिकारी व सहायक पीठासीन अधिकारियों को चुनाव पुस्तिका में दी गई हिदायतों का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान पीठासीन अधिकारी व सहायक पीठासीन अधिकारियों को ईवीएम तथा वीवीपैट्स मशीनों की तैयारी, मशीनों को सील करने, ईवीएम मशीनों की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग बारे विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि पीठासीन अधिकारी व सहायक पीठासीन अधिकारी लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवा सके।

## प्रत्याशियों के खर्च, पेड न्यूज पर रखें कड़ी नजर

- अधिकारियों की ली बैठक, दिए दिशा-नर्दिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

सिरसा लोकसभा क्षेत्र (03) के चुनाव खर्च पर्यवेक्षक विजय सिंह ने चुनाव के लिए गठित टीमों के अधिकारियों को नर्दिश दिए हैं कि वे संबंधित क्षेत्रों में पूरी तरह चौकन्ना रहकर हर राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों एवं अन्य प्रत्याशियों के खर्च की रिपोर्ट नियमित रूप से दें। इंटर स्टेट बॉर्डर के साथ लगते एरिया व गांवों पर विशेष निगरानी रखें और चौकसी बढ़ाएं। अवैध शराब व पैसे के लेनदेन की सूचना मिलते ही टीमें तुरंत एक्शन लेते हुए कड़ी कार्रवाई अमल में लाएं। वे सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी आरके सिंह, उपायुक्त फतेहाबाद राहुल नरवाल, स्वीप के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, पुलिस अधीक्षक सिरसा वक्रिांत भूषण, पुलिस अधीक्षक डबवाली सुमेर सिंह, पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद आस्था मोदी, एआरओ सिरसा राजेंद्र कुमार, एआरओ ऐलनाबाद डॉ. वेद प्रकाश बैनीवाल, एआरओ डबवाली अभय सिंह, एआरओ कालांवाली सुरेश रावेश, एआरओ फतेहाबाद राजेश कुमार, एआरओ रतिया जगदीश चंद्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। खर्च पर्यवेक्षक ने कहा कि बिना किसी अधिकृत दस्तावेज के किसी व्यक्ति के पास अवैध धन राशि या गफ्टि आइटम पाए जाते हैं तो उन्हें जब्त करें और उन्हें पंचनामा की कार्यवाही कर खजाना या मालखाने में जमा करवाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों से यह भी कहा कि आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें। चुनाव खर्च पर्यवेक्षक विजय सिंह ने कहा कि एमसीएमसी कमेटी के सदस्य टेलीविजन व समाचार पत्रों में उम्मीदवारों द्वारा किए जा रहे वज्ञिापनों व चुनाव संबंधी समाचारों पर बारीकी से नजर रखें।



सिरसा। अधिकारियों की बैठक लेते चुनाव खर्च प्रयवेक्षक। फोटो : हरिभूमि



### नामांकन के पहले दिन एक प्रत्याशी ने भरा नामांकन पत्र

**सिरसा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया सोमवार से शुरु हो गई है। सिरसा लोकसभा क्षेत्र (3) के लिए आज जिला फतेहाबाद के गांव फुल्ला (रतिया) से आजाद उम्मीदवार सुरेंद्र कुमार पुत्र शंकर लाल ने रिटर्निंग अधिकारी आरके सिंह के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रिटर्निंग अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 6 मई तक चलेगी तथा प्रत्याशी प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक उम्मीदवार नामांकन कर सकते है। सिरसा लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र जिला सिरसा में स्थानीय लघु सचिवालय स्थित जिलाधीश के न्यायालय के कमरा नंबर 32 (पिछले द्वार) में लिए जाएंगे। चुनाव लडने के इच्छुक उम्मीदवार अपने नामांकन को नर्धारित प्रोफार्मा 2क में ही भरकर जमा करवाएं।

## पैरामिल्ट्री फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डबवाली

आगामी लोकसभा चुनाव को क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस अधीक्षक सुमेर सिंह के दिशा निर्देशानुसार सोमवार को उप पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल व गौरीवाला पुलिस चौकी प्रभारी विजय सिंह की मौजूदगी में पुलिस व पैरामिलट्री फोर्स ने फ्लैग मार्च निकाला।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मतदाताओं तक संदेश पहुंचाया कि मताधिकार आपका अधिकार है इसलिए आप अपने मत का निडर होकर प्रयोग जरूर करें। पुलिस व पैरामिल्ट्री फोर्स का यह फ्लैग मार्च गांव गोरीवाला से रामगढ़, रामपुरा बश्रिनोईयां, रिसालियाखेड़ा, बज्जिुवाली, अहमदपुर दारेवाला, गोदिकां व मुन्नावाली तक निकाला गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस फ्लैग मार्च द्वारा आमजन के मन में सुरक्षा व भाईचारे की भावना को बनाए रखना है। वहीं चुनाव को प्रभावित करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का भी संदेश दिया गया है।



सिरसा। पुलिस व पैरामिलट्री फोर्स ने फ्लैग मार्च निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस ने दो माह की अवधि में करीब 2.88 करोड़ के मादक पदार्थ पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला पुलिस द्वारा नशे तथा अन्य गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान जिला पुलिस ने पिछले करीब दो माह की अवधि के दौरान गैर कानूनी गतिविधियों में संलप्ति लोगों के खिलाफ 345 मामले दर्ज कर 418 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा इस समय अवधि के दौरान विभन्नि गतिविधियों में गिरफ्तार किए गए लोगों के कब्जे से करीब 2 करोड़ 88 लाख रुपए के नशीले पदार्थ, शराब, अवैध असहला तथा जुआ व सट्टाराशि बरामद की है। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत 50 मामले दर्ज कर 66 लोगों के कब्जे से कुल 2455 किलो 430 ग्राम डोडा व चूरापोस्त, 8 किलो 305 ग्राम अफीम, 1 किलो 625 ग्राम गांजा, 22 किलो 880 ग्राम अफीम के हरे पौधे, 551 ग्राम 205 मिलीग्राम हैरोइन व 42600 नशीली गोलियों व कैप्सूल बरामद किए गए हैं। आबकारी अधिनियम के तहत 195 मामले दर्ज कर 200 लोगों से करीब 12000 लीटर विभन्नि प्रकार की शराब तथा लाहन बरामद की है।

### 25 मई को चुनाव होंगे तथा 4 जून को मतगणना उपरांत चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे

# लोस चुनाव के लिए 6 तक दाखिल करवाए जा सकते हैं नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 18वें लोकसभा आम चुनाव के लिए जारी शेड्यूल अनुसार हरियाणा में 10 लोकसभा सीटों के लिए 25 मई को चुनाव होंगे तथा 4 जून को मतगणना उपरांत चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस बारे जानकारी देते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि फतेहाबाद जिला के फतेहाबाद, रतिया व टोहाना विधानसभा क्षेत्र सिरसा लोकसभा क्षेत्र में आते हैं। उक्त लोकसभा क्षेत्र के चुनाव के लिए 29 अप्रैल से 6 मई तक उम्मीदवारों द्वारा नामांकन किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल की जाएगी जबकि 9 मई को उम्मीदवार अपना नामांकन वापिस ले सकेंगे। इसके उपरांत 25 मई को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा तथा 4 जून का मतगणना उपरांत नतीजे घोषित किए जाएंगे। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि जिला में सिरसा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार उपायुक्त एवं आरओ सिरसा को अपने नामांकन जमा कराने होंगे। यदि कोई उम्मीदवार ऑनलाइन नामांकन करना चाहता है तो उसे ऑनलाइन फार्म भरने उपरांत उसकी हार्ड प्रति संबंधित आरओ को जमा करवानी होगी। चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को चुनाव प्रचार के दौरान कम से कम तीन बार खर्चा रजिस्टर चैक करवाना जरूरी है। सभी राजनीतिक दल/चुनाव लड़ने वाले अभ्यार्थी सुनिश्चित करें कि चुनाव प्रचार के दौरान जो भी बैनर पोस्टर आदि प्रिंट करवाए उस पर प्रिंटिंग प्रेस का नाम व पता सहित छपवाने वाले का भी ब्योरा हो। अगर इस मामले में अवहेलना की गई तो आरपी एक्ट 1951 की धारा 127 ए के तहत सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### सुबह 11 से 3 बजे तक जमा करवाए जा सकेंगे नामांकन

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि नामांकन पत्र उम्मीदवार या उसके किसी प्रस्तावक द्वारा सुबह 11 बजे से बाद दोपहर 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं। एक उम्मीदवार को नामांकन पत्र जमा करवाने आते समय अधिकतम तीन वाहनों की अनुमति होगी और कार्यालय की 100 मीटर परिधि में वाहन खड़े करने होंगे। उम्मीदवार सहित आरओ कार्यालय में अधिकतम 5 व्यक्तियों की प्रविष्टि की अनुमति होगी। नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने के अंतिम एक घंटा अर्थात 2 बजे के बाद की वीडियोग्राफी बिना एडिटिंग के निरंतर की जाएगी। पीठासीन अधिकारी वीडियोग्राफी व सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रखेंगे।

### लोस चुनाव के लिए 25 हजार होगी सिक्योरिटी

उन्होंने बताया कि जनप्रतिनिधि अधिनियम, 1951 के तहत चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को सिक्योरिटी जमा करानी होती है। लोकसभा चुनाव के लिए यह राशि 25 हजार रुपये है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों के लिए यह राशि आधी होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सिक्योरिटी राशि पीठासीन अधिकारी या सहायक पीठासीन अधिकारी के सामने या तो नकद या फिर भारतीय रिजर्व बैंक या ट्रेजरी में जमा करानी होगी। चैक या बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से सिक्योरिटी राशि स्वीकार्य नहीं है।

### सैर के लिए आए व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** बरनाला रोड स्थित शहीद भगत सिंह स्टेडियम में सैर के लिए आए एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में राम कॉलोनी निवासी नवीन कुमार सिंगला ने बताया कि शाम को वह स्टेडियम में सैर के लिए गया था।

मोटरसाइकिल उसने पार्किंग में खड़ी की थी। कुछ देर बाद आया तो बाइक नहीं मिली। उन्होंने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सहेली







स्पेशल
वर्ल्ड लाफ्टर-डे, 5 मई

हंसी हमारे भीतर बैठे तनाव को खत्म ही नहीं करती, हमें कई तरह की बीमारियों से बचाकर स्वस्थ भी रखती है। अच्छी बात यह है कि हंसने के मामले में महिलाएं कुदरती तौर पर पुरुषों से कहीं आगे होती हैं, खुलकर हंसना उनके स्वभाव में होता है। इस बात की पुष्टि कई शोधों से मिलती है। महिलाओं पर हुए ये शोध किन बातों को आधार बनाकर हुए, यह जानते हुए हम भी यह मानें कि हंसी हजार नियामत है।

कवर स्टोरी / विमला रस्तोगी

# पुरुषों से कहीं ज्यादा हंसती हैं महिलाएं

किसी विद्वान ने कहा है, 'अगर तुम्हारे होंठों पर मुस्कान है और हृदय में एक कोई अच्छा गीत तो निश्चित रूप से तुम ऊंची आवाज में गाओ।' देखा जाए तो आज यही मुस्कान-हंसी बहुत दुर्लभ हो गई है। जिंदगी की आपा-धापी और तमाम तरह के तनावों के बीच आदमी हंसना भूलता जा रहा है।

**हंसी-खुशी के बदल गए हैं मायने**

आज इंसान के लिए हंसी-खुशी के मायने बदल चुके हैं। धनी और अधिक पैसा कमाने की, मध्य वर्ग सीमित आमदनी में ढंग से रहने की और गरीब निर्धनता से मुक्ति पाने, जीने की कशमकश में लगा रहता है। धनी वर्ग क्लबों, पार्टियों और होटलों में हंसी खोजने जाता है। गरीब के लिए अपने बच्चों के पेट भरने पर ली जाने वाली चैन की सांस ही उसके होंठों की मुस्कान बन जाती है। आजकल चिंताएं बिना किसी रुकावट के बिन मांगे ही मिल जाती हैं, लेकिन हंसी दुर्लभ है।

**हंसी पर क्या कहते हैं शोध**

व्यक्ति कब हंसता है? कितना हंसता है? आदमी ज्यादा हंसते हैं या महिलाएं? विदेशों में शोधकर्ता हंसी से संबंधित इन्हीं सब बातों पर शोध करने में लगे हैं। हंसने पर शोध करने वाले वर्जीनिया विश्वविद्यालय के वेड.सी. मैकी का कहना है कि अनेक स्थितियों में महिलाएं पुरुषों से जल्दी और अधिक हंसती हैं। लुइसियाना स्टेट विश्वविद्यालय के शोधकर्ता भी हंसी पर अनुसंधान कर रहे हैं। अपने शोध के दौरान इन शोधकर्ताओं ने ढाई मिनट तक दो पुरुषों की मनोरंजक बातचीत टेप की और उसे कुछ अकेले बैठे पुरुषों को सुनाया। इसी टेप को शोधकर्ताओं ने बाद में महिलाओं को सुनाया, जो अकेली बैठी थीं तो उन्होंने पाया कि अकेली बैठी महिलाएं उस टेप को सुनकर अकेले बैठे पुरुषों की अपेक्षा अधिक खुल कर हंसीं। शोध से यह भी निष्कर्ष सामने आया है कि महिलाएं अन्य महिलाओं के साथ मिलकर ज्यादा हंसती हैं, जबकि पुरुष अपने वर्ग में बैठ कर सामान्य स्तर तक ही हंसते हैं। अब आप ही बताएं, कहीं चार महिलाएं बैठी ठहाके लगा रही हों तो लोग क्यों जलते हैं? महिलाओं पर 'खाली बैठे ठठ्ठे मारने' का इल्जाम क्यों लगाया जाता है? ऐसा इल्जाम या हंसी के मामले में महिलाओं से जलन गलत है। क्या खुशमिजाज होना गलत है?



**एक हंसी दूसरी हंसी को जन्म देती है**

अमेरिका में लुइसियाना के ग्रामीण क्षेत्रों में और वर्जीनिया के शहरी क्षेत्रों में किए गए एक अध्ययन के अनुसार एक हंसी दूसरी हंसी को जन्म देती है। वैसे हंसने में महिलाएं ज्यादा सक्रिय देखी जाती हैं। शोधकर्ताओं ने एक सड़क पर कुछ नियत शब्दों में वयस्कों का स्वागत किया। कभी हंस कर, कभी बिना हंसे। आमतौर पर हंसी का उत्तर हंसी में मिला, लेकिन महिलाएं पुरुषों से ज्यादा हंसीं। शोध में एक और निष्कर्ष निकला कि पुरुष यदि पुरुष को देखकर मुस्कराता है तो अच्छा रेस्पांस मिलता है। लेकिन पुरुष महिला को देखकर मुस्कराए तो प्रत्येक महिला हंसकर रेस्पांस नहीं देती, इसका कारण हमारे बनाए सामाजिक दायरे हैं। महिलाओं को देखना होता है कि वह कहां और किसके साथ हैं? कहीं कोई उन पर अंगुली ना उठा दे। लेकिन यह तय है कि हंसना महिलाओं के स्वभाव में है। इसलिए उन्हें टोकना नहीं चाहिए।

**सर्वत्र लागू होती है ज्यादा हंसने वाली बात**

कोई कुछ भी कहे, महिलाएं कई मामलों में पुरुषों से बाजी मार ही लेती हैं। मसलन, पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं बोलती ज्यादा हैं, लड़ती ज्यादा हैं, सहती ज्यादा हैं, रोती ज्यादा हैं, इसी तरह हंसती भी ज्यादा हैं। यह बात पूर्व-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण सर्वत्र समान रूप से लागू होती है। अधिक हंसने की आदत के कारण कुछ महिलाओं के 'हंसमुखी' या 'फुलझड़ी' जैसे नाम पड़ जाते हैं।

**हंसी हजार नियामत**

हंसने पर शोध की बात पर याद आती है अपनी एक परिचिता, जो हर बात पर हंसती है। हंसने वाली बात पर हंसे तो मुनासिब है, लेकिन वह दुख की बात पर भी हंस पड़ती है। उसका मानना है, दुख भी हंस कर सहो। अरे भई, हंस कर दुख सहने का यह मतलब तो नहीं कि हर समय बत्तीसी दिखाते रहो। क्या कहें उसे जो किसी को गिरता देख ले तो उसे हंसी आ जाए। गिरने वाला चाहे उसका भाई हो या पड़ोसी, जवान हो या बच्चा, किसी को बुरा लगे या भला, उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसका कहना होता है, 'मैं क्या करूं, किसी को गिरता देख सबसे पहले मेरी हंसी ही छूटती है।' है न इस महिला की हंसी गजब की। काश! शोधकर्ता इस महिला पर शोध करते तो उन्हें खासे आंकड़े बदलने पड़ते। लेकिन जो भी कहा जाए, हंसी हजार नियामत है, हम खुद तो हंसें ही, दूसरों को भी हंसाकर उसे खुशी के पल दें।

# जब करें मजाक रखें इन बातों का ध्यान



अपनों के साथ हम मजाक करते ही हैं, यह हंसने-हंसाने का एक प्यारा-सा जरिया है। लेकिन मजाक कभी ऐसा ना करें कि सामने वाला हंसने के बजाय आहत हो। ऐसे मजाक बिल्कुल ना करें, जिसे आप स्वयं भी ना सह पाएं। मजाक एक सीमा में रहकर करें।

बिहेवियर / विवेक कुमार

बड़े-बुजुर्ग सही कहते हैं कि हंसी-मजाक एक सीमा तक ही अच्छे लगते हैं। अगर आपने इसकी हद पार कर दी तो यह हंसी-मजाक संबंधों के लिए घातक भी हो सकता है। आपने भी कई बार महसूस किया होगा कि किसी-किसी का मजाक आपके दिल में चुभकर रह गया। ऐसे तमाम किस्से भी सुने होंगे कि किसी ने, किसी दूसरे का इतना मजाक उड़ाया कि मजाक से पीड़ित व्यक्ति ने गुस्से में मजाक बनाने वाले से मारपीट तक कर ली। इसलिए जब भी किसी से मजाक करें, कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

**सीमा पार ना करें :** मजाक हमेशा एक सीमा तक ही अच्छा लगता है। जैसे ही आपने किसी का मजाक बनाते हुए सीमाएं, मर्यादाएं पार कीं तो मजाक बनाए जाने वाला व्यक्ति बहुत अपमानित महसूस करता है। इसलिए जब भी किसी से मजाक करें, उसका सम्मान करते हुए महज मनोरंजन की सीमा तक ही यह करें। खास करके ऐसे व्यक्ति का तो मजाक कभी नहीं उड़ाना चाहिए, जो मजबूर हो और पलटकर आपको जवाब ना दे सके। इसी तरह किसी शख्स में अगर कोई जन्मजात कमी है, मसलन वह अंधा है, लंगड़ा है या वह बोल नहीं पाता, मोटा है, काला है, कद बहुत छोटा है, ऐसी शारीरिक स्थितियों का तो कभी भी मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। क्योंकि ऐसे व्यक्तियों का जब कोई मजाक उड़ाता है तो वह मजाक उन्हें गुदगुदाता नहीं है, अपमानित महसूस कराता है।



**वही मजाक करें, जो आप भी सहन कर सकें :** किसी भी व्यक्ति का उन्हीं बातों और संदर्भों को लेकर मजाक उड़ाना चाहिए, जिन बातों और संदर्भों को लेकर किए गए मजाक को आप खुद भी सहन कर सकें। किसी का ऐसी किसी बात के लिए मजाक ना उड़ाएं जैसी बात के लिए आप खुद मजाक सहन नहीं कर सकतीं। हम यह ना भूलें, जब हम किसी का मजाक उड़ाते हैं तो इसका हमारे संबंधों पर असर पड़ता है। जब हम जिसका मजाक उड़ाते हैं, अगर उसके मन में यह भावना आती है कि आप उसका अपमान कर रही हैं, तो चाहे वह कितना अच्छा दोस्त हो, उससे आपके रिश्ते सलामत नहीं रहेंगे। मजाक से विश्वास और दोस्ती दोनों के टूटने का खतरा रहता है। भले कुछ लोग कहते हों कि मजाक करके वह माहौल को हल्का-फुल्का और तनावमुक्त बनाना चाहते हैं, लेकिन यह एक बड़ा झूठ है। जब हम किसी का मजाक उड़ाते हैं तो माहौल हल्का नहीं होता, उस व्यक्ति के लिए तो बहुत ही तनावभरा हो जाता है।

**क्या कहता है मनोविज्ञान**

मनोविज्ञान के मुताबिक कोई स्वस्थ व्यक्ति किसी का मजाक नहीं उड़ा सकता। हां, अगर कोई ऐसा व्यक्ति जो वाकई मनोरंजन के लिए या माहौल को हल्का-फुल्का करने के लिए मजाक का सहारा लेता है, तो वह दूसरों की बजाय सबसे ज्यादा खुद का ही मजाक उड़ाता है। मनोविज्ञान यह भी स्पष्ट करता है कि दूसरो का मजाक उड़ाकर हम अपने आपको महत्वपूर्ण बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन ऐसी कोई कोशिश कभी सफल नहीं होती।

**लोगों को मौका ना दें :** जब कोई व्यक्ति पहली बार आपका मजाक उड़ाने की कोशिश करे और आपको लगे कि आप उससे आहत हो रही हैं तो तुरंत उसे टोक दें। अगर पहली बार में ही टोक देंगी तो वो भविष्य में ना सिर्फ आगे बढ़ने से रुक जाएगा बल्कि यहां से भी पीछे लौट जाएगा। अगर आपने उसे आगे बढ़ने दिया तो वह भविष्य में अगर पीछे लौटने का हौसला भी दिखाएगा तो बार-बार इससे पीछे भी हट जाएगा। किसी से दबकर तो अपना मजाक कभी भी नहीं उड़वाना चाहिए। क्योंकि अगर सामने वाले को लग गया कि आप उससे दबे हुए हैं, इसलिए उसकी मजाक को सहन कर रहे हैं तो वह फिर और दबाता जाएगा। यह कभी नहीं भूलें, मजाक हंसने-हंसाने के लिए होते हैं, दिल को दुखाने के लिए नहीं।

एडवाइस / विनीता

# अपने आप से क्यों रखें शिकायत

हर इंसान से जीवन में कोई ना कोई गलती हो जाती है। ऐसी गलती भी हो जाती है, जिसमें अपना ही नहीं, अपने किसी प्रिय का नुकसान हो जाता है। यह गलती जानबूझ कर नहीं, अनजाने में हो जाती है फिर भी हम अपने आपको दोषी मानते हैं। एक तरह से अपराधबोध से ग्रस्त हो जाते हैं। लंबे समय तक ऐसी मनःस्थिति मेंटल हेल्थ के लिए ठीक नहीं है, इससे जल्द से जल्द उबरना जरूरी है। लेकिन उबरें कैसे, जानिए-

**हमेशा खुद को दोषी ना समझें:** कुछ लोग किसी भी काम में कोई गलती होने पर खुद को दोषी मान लेते हैं, इन्हें अपने आपसे शिकायत हो जाती है। ऐसे लोग अपने आपको कोसने लगते हैं। ऐसी स्थिति में उनके व्यवहार में चिड़चिड़ापन आ जाता है। इसलिए अगर आपसे कभी कोई गलती हो भी जाए तो लगातार उसके बारे में सोचकर उदास-निराश होने के बजाय उसे सुधार कर आगे बढ़ जाएं।

**हीनभावना से बचें :** किसी गलती के लिए खुद को लंबे समय तक दोषी समझने या अपराधबोध से ग्रस्त होने के कारण मन में हीनभावना जन्म ले लेती है। इससे व्यक्ति को ऐसा लगता है कि वह दिमागी रूप से बहुत कमजोर है, इसी कारण अकसर उसी से ही गलतियां होती हैं। वह असक्षम है।



अपने बारे में ऐसी बातें ना सोचें। यह तभी संभव होगा, जब आप अपने लिए कुछ अच्छा सोचेंगी। अपनी सोच सकारात्मक रखेंगी।

**स्वयं रखें अपना ध्यान:** आज की इस भागम-भाग वाली जिंदगी में लोगों के पास दूसरों के लिए समय नहीं है। अधिकांश लोग सिर्फ अपने बारे में सोचते हैं, इसलिए आपको अपना ध्यान खुद ही रखना होगा, तभी आप खुश रहेंगी, जीवन में कामयाब होंगी। इसके लिए आपको अपनी कमियों और गलतियों के प्रति सचेत रहना होगा, अपनी आदतों को निरंतर सुधारने की कोशिश करनी होगी।

**खुद को दें शाबासी:** हमेशा कुछ नया सीखने और करने का प्रयास करें। अपना आत्मविश्वास और आत्मबल बढ़ाएं। इसके लिए जब भी किसी कार्य में आपको सफलता मिले तो उसके बारे में सोचकर खुद पर गर्व महसूस करें। अपने आप को शाबासी भी दें। जब आप खुश होकर अपने बारे में सकारात्मक नजरिया रखेंगी तो आपके मन में खुद के प्रति कोई शिकायत नहीं रहेगी। **(मनोवैज्ञानिक विचित्रा दर्गन आनंद से हुई बातचीत पर आधारित)**

सीजनल टिप्स / संध्या सिंह

# जब समर सीजन के लिए सेलेक्ट करें ड्रेस-एक्सेसरीज

गर्मी के मौसम में हर कोई ऐसी ड्रेसेस और एक्सेसरीज सेलेक्ट करना चाहता है, जिससे सुकून मिले। इसलिए इन पर ध्यान देना जरूरी है।

**सुकून देने वाले कलर्स :** अपनी ड्रेस कलर च्वाइस से भी आप गर्मी को मात दे सकती हैं। गर्मियों में डिजाइन कैसी भी हो, मैटेरियल कैसा भी हो लेकिन अगर कलर सुटेबल नहीं हो तो सुकून नहीं मिलता है, परेशान करने वाली बेचैनी बनी रहती है। इसलिए बेहतर है कि व्हाइट कलर ड्रेसेस को प्रेफरेंस दें। यह कलर गर्मी को सोखता नहीं है, उसे रिफ्लेक्ट कर देता है इसलिए गर्मियों में इस कलर की ड्रेसेस ही चुनें। डार्क और ब्लैक कलर ड्रेसेस को अवॉयड ही करें। ब्लू कलर भी ज्यादा यूवी किरणों को सोखता है, इसलिए इस मौसम में गहरे रंगों से दूर रहें। लाइट ग्रीन, ऑरेंज, यलो और स्काई ब्लू कलर ही इन दिनों सुकून पहुंचाते हैं।

**ऑफ शोल्डर टॉप-हाफ पैंट्स :** इस मौसम में बहुत चुस्त और फिटेड ड्रेसेस ना अच्छे लगते हैं और ना ही आरामदायक होते हैं। इस लिहाज से कॉटन मेड ऑफ शोल्डर टॉप और हाफ पैंट्स, उन टीनएज गर्ल्स और यंग वूमेन के लिए परफेक्ट ड्रेस है, जो गर्मियों में आउटिंग पर जा रही हों। हालांकि इसे फ्रेंड्स के साथ गेट-टू-गेदर में भी कैरी कर सकती हैं, क्योंकि इस ड्रेस में यंग वूमेन खूब फबती हैं। यह ड्रेस कॉम्बिनेशन मॉडर्न लुक तो देती ही है, इससे सुकून भी मिलता है। इसके अलावा लॉन्ग कुर्ती, प्लीटेड स्कर्ट, व्हाइट शर्ट, लिनेन जैकेट और कॉटन टी-शर्ट विद पलाजो, गर्मियों के लिए अच्छी च्वाइस हैं।



**हील्स को कहें बाय-बाय:** अप्रैल, मई और जून माह में उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में जिस तरह की गर्मी पड़ती है, वैसे मौसम में हाई हील्स को बाय-बाय कहने में ही समझदारी है। दरअसल, गर्मी के मौसम में देर तक हील्स पहनने से पैर की अंगुलियों पर बहुत दबाव महसूस होता है। इस दौरान लगातार हील्स पहनने से पैरों की शेप तक बिगड़ जाती है। चूंकि हील्स पहनने से सेंटर ऑफ ग्रेविटी का आगे की ओर खिसक जाता है, इसलिए खड़े होने पर न चाहते हुए भी पीठ झुक जाती है। यह कई बार असहनीय पीठ दर्द का कारण बन जाता है। इसलिए हील्स पहनने से बचें।

**कंफर्टेबल फुटवियर :** शॉर्ट ड्रेसेस की तरह गर्मी के मौसम में फुटवियर भी कंफर्टेबल ही पहनें। फुटवियर हमारे पैरों को राहत ही नहीं देते, ये हमें स्टाइलिश भी बनाते हैं। इसलिए स्नीकर्स पहनते समय जमीन से सटी सैंडिल या हाई हील्स की तरफ भूलकर भी ना देखें। बेचैन करने वाली गर्मियों में यह पक्का डिसाइड कर लें कि इस मौसम में जो कुछ पहनेंगी कंफर्टेबल ही पहनेंगी।

**पैरों को दें नमी :** शॉर्ट ड्रेस पहनते समय पैरों की त्वचा का ध्यान रखना जरूरी है क्योंकि इनमें ज्यादातर समय पैर सीधे धूप, मिट्टी और गर्म हवाओं को सहते हैं। इसलिए अपने पैरों को इन परेशानियों से बचाने के लिए लेग्स को नियमित मॉयश्चराइज करती रहें वरना आपके पैरों की स्किन ड्राय और डल हो जाएगी।

हेल्थ एडवाइस / अंजू जैन

हर महिला के जीवन में मेनोपॉज स्टेज के दौरान और उसके बाद कई फिजिकल-मेंटल चेंज होते हैं। इससे कई प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इसके लिए यहां दिए जा रहे सजेशंस आपके लिए यूजफुल हो सकते हैं।

# मेनोपॉज के बाद ऐसे करें सेल्फ केयर

आमतौर पर मेनोपॉज को हड्डियों की कमजोरी और ब्रेस्ट कैंसर की बड़ी वजह माना जाता रहा है, लेकिन सच यह है कि अगर ध्यान न दिया जाए तो मेनोपॉज महिलाओं के लिए कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सबब भी बन सकती है।

**गम्स प्रॉब्लम:** नॉर्थ अमेरिकन मेनोपॉज सोसायटी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जोएन वी. पिंकर्टन कहती हैं, 'मेनोपॉज की स्थिति में जब महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है तो उनमें दांत ढीले होने और गम्स प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। कुछ महिलाएं ड्राइ माउथ, मसूढ़ों में जलन और दर्द भी महसूस करती हैं। ऐसे में उन्हें ओरल हाइजीन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।'



**स्लीप एप्निया:** विस्कोंसिन स्लीप कोहर्ट स्टडी के आधार पर पिंकर्टन बताती हैं कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं में प्रोजेस्ट्रॉन हार्मोन का लेवल भी कम हो जाता है, जिससे ब्रीदिंग डिस्टर्ब होती है और स्लीप एप्निया की समस्या हो जाती है। कई महिलाओं में दिन में नींद ज्यादा आने, सिरदर्द और एंग्जायटी की समस्या होने लगती है।

**डायबिटीज:** अमेरिका की नेशनल हेल्थ स्टडी में वूमेंस हेल्थ इनीशिएटिव के मुताबिक जिन महिलाओं में 46 साल की उम्र से पहले या 55 साल के बाद मेनोपॉज होता है, उनमें टाइप 2 डायबिटीज का रिस्क बढ़ जाता है। गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. किरण कोएलो कहती हैं, 'एस्ट्रोजन हार्मोन ग्लूकोज लेवल को स्थिर रखता है। इस हार्मोन का स्तर कम होने पर शरीर में ग्लूकोज का संतुलन बिगड़ जाता है। साथ ही फैट भी ज्यादा जमा होने लगती है। इसके अलावा इससे पोलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम, हाई बीपी और जेस्टेशनल डायबिटीज का रिस्क भी बढ़ जाता है। इसलिए रेग्युलर चेक-अप करवाना चाहिए और ओवरवेट होने से भी बचें।'



**हार्ट डिजीज:** मेनोपॉज से पहले, एस्ट्रोजन हार्मोन से शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ती है, खराब कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है और हाई बीपी कंट्रोल होता है। लेकिन जब मेनोपॉज के कारण एस्ट्रोजन का लेवल कम होने लगता है तो हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में नियमित 30 मिनट की एक्सरसाइज, प्लांट बेस्ड डाइट लेना और स्मोकिंग से बचना जरूरी है।

**ईटिंग डिसऑर्डर:** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ईटिंग डिसऑर्डर्स में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, मेनोपॉज के बाद महिलाओं में जो शारीरिक परिवर्तन आते हैं, उनसे ईटिंग डिसऑर्डर और नेगेटिव बॉडी इमेज की समस्या भी होती है। दरअसल, यह स्थिति सिर्फ शारीरिक ना होकर मानसिक और सामाजिक भी हो जाती है। महिलाओं के दिमाग में बेचैनी और उथल-पुथल होने लगती है। खुद को फिट और खूबसूरत दिखाने के लिए महिलाएं हेल्दी ईटिंग नहीं करतीं और डाइटिंग करने लगती हैं।

**यूरीनरी प्रॉब्लम्स:** स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्मिता गुटगुटिया के अनुसार, 'मेनोपॉज के बाद यूरीनेशन पर कंट्रोल कम होने की समस्या कई महिलाओं को होती है। ऐसा एस्ट्रोजन का लेवल कम होने से यूरेथ्रा के पतले होने के कारण होता है। साथ ही एजिंग, नॉर्मल डिलीवरी आदि के कारण पेल्विक फ्लोर मसल्स कमजोर होने से भी ऐसा होता है। साथ ही इस उम्र में बार-बार यूरीनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन भी होता है। इस समस्या से राहत के लिए कीगल एक्सरसाइज, पर्याप्त पानी पीना और गायनेकोलॉजिस्ट की सलाह से सावधानियां बरतना हेल्पफुल हो सकता है।'

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### गुजवि ने परीक्षा परिणाम घोषित किए

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2023 में आयोजित मास्टर ऑफ फार्मेसी प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, मास्टर ऑफ फार्मेसी प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022, बीसीए तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, बीपीटीएच द्वितीय वर्ष (रिअपीयर) बैच 2022, एमटेक फूड टेक्नोलॉजी तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमटेक फूड टेक्नोलॉजी प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, बीएससी मैथेमेटिक्स ड्युअल तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021, बीएससी मैथेमेटिक्स ड्युअल तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### मनोहर मोर्चा के स्थापना दिवस पर भजन संध्या 5 को

**हिसार।** मनोहर मोर्चा के स्थापना दिवस के संदर्भ में संस्था की कोर कमेटी की बैठक सेक्टर-14 स्थित पंजाबी भवन में आयोजित की गई। बैठक में मनोहर मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष सुभाष ढींगड़ा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 मई को मनोहर मोर्चा का स्थापना दिवस व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस को धूमधाम से मनाया जाएगा।

### समस्या के समाधान का मिला आश्वासन

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर लाइन पर जवाहर नगर एरिया की महिलाओं ने सीवरेज एवं पानी की समस्या को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिली एवं उनसे समस्या के स्थाई समाधान की मांग की। इस पर मनोहर लाल ने महिलाओं को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का जल्दी से जल्दी हल करवाई जाएगी। इस अवसर पर सरोज, विमला, सीता, बद्री, ममता, रेखा, आशा, कमल, विमला सहित कई महिलाएं मौजूद रहे।

### स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव किसी भी लोकतंत्र की आत्मा

**मंडी आदमपुर।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में आयोजित ब्लॉक स्तर पर वोटर जागरूकता अभियान स्वीप के तहत आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं के शुभारंभ के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव किसी भी लोकतंत्र की आत्मा है। अभियान के तहत विद्यालय में भाषण, वाद-विवाद, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग और रंगोली सहित अनेकों रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

### अपने पीहर पहुंची जेजेपी प्रत्याशी नैना

**मंडी आदमपुर।** मैं आदमपुर गी बेटी हूं, ब्याह आला दोनूं भात तो थैह भर दिया ...इब इलैक्सन बी ब्याह बरगो काम है, इलैक्सनां मै मेरो भात बोटां ऊं भर दयो। आदमपुर आला कनै आपणी बेटी नै दिल्ली की लोकसभा मै भेजण को बहोत आछो मौको आयो है। मैं आदमपुर गे मेरे चाचे-ताऊआं नै, भाइयां नै, भतीज्यां नै हाथ जोड़ के बस अति बात ही कहूं के थाम आपणी बेटी, आपणी बाहण, आपणी इस भुआ ग लारै हिसार लोकसभा कै घर-घर मैं जा कै वोट मांगो।

---

#### मुख्यमंत्री के 72 घंटे में उठान व भुगतान के सभी दावे फेल

# मंडियों से गेहूं व सरसों का उठान न होने से आढ़ती-किसानों में नाराजगी

### अनाज मंडियों में 66.50 लाख मैट्रिक टन गेहूं आ चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने सिरसा अनाज मंडी में अनाज खरीद का जायजा लेने के उपरांत व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा की अनाज मंडियों में लगभग 66.50 लाख मैट्रिक टन गेहूं आ चुका है, जिसमें से लगभग 37 लाख मैट्रिक टन गेहूं का उठान मंडियों से नहीं हुआ है। जिसके कारण पिछले 25 दिनों से हरियाणा की सभी अनाज मंडियां सरसों व गेहूं से भरी पड़ी है। मुख्यमंत्री के 72 घंटे में अनाज खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे पूरी तरह से फेल सद्धि हुए हैं। उन्होंने कहा कि कई बार बरसात होने के कारण भीगने से लाखों क्विंटल सरसों व गेहूं खराब हो चुका है, जिससे किसान में आढ़तियों में सरकार के प्रति भारी नाराजगी है। मौसम विभाग द्वारा फिर से बरसात बताई जा रही है अगर हरियाणा में फिर से बरसात आ जाती है तो हरियाणा की मंडियों में खुले में पड़ा लाखों क्विंटल सरसों व लगभग 37 लाख मीट्रिक टन गेहूं खराब हो जाएगा।



सिरसा। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग व्यापारी प्रतिनिधियों से बात करते हुए।

#### अनाज उठान में देरी के कारण घटती आएगी व मंडी के आढ़तियों से काटी जाती है

जिसकी जम्मिेदार या तो सरकारी एजेंसियां हैं या ठेकेदार हैं जबकि इसका नुकसान गेहूं व सरसों भीगने से किसान को होगा और अनाज उठान में देरी के कारण घटती आएगी व मंडी के आढ़तियों से काटी जाती है, जो सरासर गलत है। अनाज उठान में देरी के कारण जो घटती आती है, उसकी भरपाई आढ़तियों से ना करके सरकारी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों व ठेकेदारों से करनी चाहिए और खुले में पड़ा अनाज खराब होने से किसानों का जो नुकसान हुआ है, उसका मुआवजा तुरंत प्रभाव से सरकार को देना चाहिए।

---

# अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर जनसंगठन संकल्प सभा कर शहर में करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर फतेहाबाद के कर्मचारी, मजदूर एवं अन्य मेहनतकश तबके संकल्प सभा कर शहर में प्रदर्शन करेंगे। यह निर्णय आज नगर पालिका परिसर में यूनियन कार्यालय में आयोजित हुई मीटिंग में लिया गया। मीटिंग में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, हरियाणा कर्मचारी महासंघ, सी.आई.टी.यू., एटक, इंटक, भवन एवं अन्य निर्माण कामगार यूनियन, खेत मजदूर यूनियन के पदाधिकारी प्रमुख तौर पर मौजूद रहे। मीटिंग में बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि 1 मई 1886 में शिकागो शहर से अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ शुरू हुई मजदूरों की लड़ाई की याद में संकल्प सभा का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद बेरोजगारी चरम पर है। भाजपा सरकार जनता को बताये कि उसने अपने 10 साल के कार्यकाल में कितने रोजगार दिए।

#### मामूली वेतन पर कच्ची नौकरी करने को युवा मजबूर

स्थाई नौकरी की बजाय मामूली वेतन पर कच्ची नौकरी करने को युवा मजबूर है। राज्य सरकार तो एक कदम आगे बढ़ गई। उसने हरियाणा कौशल रोजगार निगम बनाकर हमेशा के लिए कच्ची नौकरी का पक्का प्रबंध कर दिया है। सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र को तहस-नहस किया गया, उन्हें अपने चहेते पूंजीपति दोस्तों को मुफ्त में दिया गया। देश में खरबपतियों की संख्या बढ़ रही है। अपने राज में पूंजीपतियों के टैक्स घटाकर उन्हें 20 लाख करोड़ का फायदा दिया गया। यही नहीं 17 लाख 46 हजार करोड़ के बैंक के लिए हुए कर्जे माफ कर दिए गए।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग फायर बिग्रेड ने पाया काबू

**जाखल।** सोमवार को शहर के भारतीय स्टेट बैंक के पास सुबह करीबन 8 बजे दो ट्रांसफार्मर के पास आग लग गई। गनीमत यह रही कि किसी भी तरह का कोई नुकसान नही हुआ है। आग लगने का कारण अभी तक पता नही चला है। अग्निशमन विभाग का कहना है कि अगर आग पर समय रहते काबू न पाया जाता तो किसी भी तरह का कोई बड़ा नुकसान हो सकता था। बता दे कि आगजनी घटना के पास शहर के कूड़े के साथ झाड़ फुंस सहित अन्य कूड़ा पड़ा था जिससे आग फैल सकती थी।

# पत्नी का हत्यारोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

बीती 27 अप्रैल की रात को गांव हम्मितपुरा में महिला दलजीत कौर की हुई हत्या के मामले में रानियां थाना पुलिस ने हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। रानियां थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गुरसेवक सिंह पुत्र सवेग सिंह निवासी मराड कलां जिला मुक्तसर पंजाब के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मृतका दलजीत कौर के पुत्र हरप्रीत सिंह की शिकायत पर रानियां थाना में गुरसेवक सिंह के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए रानियां थाना की पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए आरोपी के छुपने के संभावित ठिकाने पर दबिश देते हुए उसे ओटू क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को आज अदालत में पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि बीती 27 अप्रैल की रात को गुरसेवक ने किसी बात को लेकर झगड़ा कर अपनी पत्नी दलजीत कौर की रानियां थाना क्षेत्र के गांव हम्मितपुरा में रात को ईंट से वार करके हत्या कर दी थी और मौके से फरार गया था।

---

# भाजपा अपने कायार्ें की बदौलत तीसरी बार भारी बहुमत से दर्ज करेगी जीत : विनोद स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक का आयोजन

भाजपा के हरियाणा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. विनोद स्वामी की अध्यक्षता में बीजेपी कार्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर जिला ओबीसी मोर्चा के सदस्यों की बैठक का आयोजन हुआ। जिला ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव के विषयों पर चर्चा की और आगामी कार्यक्रमों के लिए ड्यूटियां लगाई गई।

डॉ. विनोद स्वामी ने बैठक में सभी को एकजुट होकर पार्टी के हित के लिए कार्य करने को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार करे व लोगों को पार्टी के साथ जोड़े। उन्होंने कहा कि पार्टी ने पिछले 10 वषार्ें में लोकहित में अनेक कार्य किए हैं, उनकी जानकारी आमजन को दें और भविष्य का रोडमैप बताएं। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा को कायार्ें की बदौलत तीसरी बार भारी बहुमत देगी तथा हरियाणा की सभी 10 सीटों पर पार्टी जीत दर्ज करेगी। बैठक में सभी ने वरिष्ठ पदाधिकारियों को आश्वस्त किया है कि वह जन जन तक भाजपा की नीतियों को पहुंचाएंगे ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे को साकार किया जा सके। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र रेहनवाली ने की। बैठक में जिला महामंत्री पवन वर्मा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र जांगड़ा, उपाध्यक्ष सीता राम, उपाध्यक्ष पटेल सोनी, सचिव सुभाष फुल्ला, सुभाष गेदर, सूंदर जांगड़ा, मक्खन, राजीव कंबोज, संदीप लोहार, सरपंच मदन यादव, विजय, सतवीर लाम्बा मौजूद रहे।



फतेहाबाद। भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक में भाग लेते सदस्य।

# सरकूलर रोड पर भाजपा चुनाव कार्यालय का किया उदघाटन

- तंवर ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने देश के सामने जो संकल्प पत्र प्रस्तुत किया है वह भाजपा की आत्मा की आवाज है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर के सरकूलर रोड पर भाजपा के चुनाव कार्यालय का सोमवार को हवन यज्ञ के साथ शुभारंभ हुआ। सिरसा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने यहां यज्ञ में आहुति डाली और चुनाव कार्यालय का श्रीगणेश किया। तंवर ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने देश के सामने जो संकल्प पत्र प्रस्तुत किया है वह भाजपा की आत्मा की आवाज है। गरीब परिवार जन, मध्यम वर्ग परिवार जन, युवाओं को अवसर, नारी शक्ति को सम्मान, वरिष्ठ नागरिक को सम्मान, किसानों का सम्मान, मत्स्य पालक परिवारजनों की समृद्धि और श्रमिक स मान के लिए भाजपा ने काम करने का संकल्प लिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल ने कहा कि यह चुनाव अशोक तंवर का चुनाव न होकर प्रधानमंत्री का चुनाव है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यालय के उद्घाटन का मतलब रोटी, कपड़ा, मकान, सुरक्षित भारत, भावयुक्त भारत होता है। इस अवसर पर पार्टी जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग, प्रदेश सचिव सुरेंद्र आर्य, यतद्रिं सिंह एडवोकेट, भूपेश मेहता, मनीष सिंगला, राकेश वत्स, प्रदीप रातुसरिया, गोबिंद कांडा, अमन चोपड़ा, सुनील बमनिया, सुरेश पंवार, श्याम बजाज, जसवद्रिं पाल पिंकी, डॉ. वेद बैनीवाल, रोहताश जांगड़ा, मीनू बैनीवाल, सांवरमल गुर्जर, गुलाब गुर्जर, सुमन शर्मा, भावना शर्मा, शांति स्वरूप वाल्मीकि, शीशपाल कंबोज, रामचंद्र कंबोज, डॉ. अमरजीत चानी, आदत्यि चौटाला, देव कुमार शर्मा, रेणु शर्मा, बलकौर सिंह, गुरदेव राही और बहादुर शेखावत आदि पार्टी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---



टोहाना। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते अतिथिगण।

## कैंप प्राइड यूथ फाउंडेशन द्वारा टोहाना में रक्तदान शिविर का आयोजन

**टोहाना।** कैंप प्राइड यूथ फाउंडेशन द्वारा टोहाना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डॉ. शिव सचदेवा, प्रमुख समाज सेविका ममता कटारिया ने किया और शिविर में रक्तदान के लिए पहुंचे युवाओं को प्रोत्साहित किया। रक्तदान शिविर को लेकर युवाओं में काफी उत्साह नजर आया और काफी संख्या में रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग दिया। युवाओं को संबोधित करते हुए मिताली कटारिया ने कहा कि रक्तदान को सबसे बड़ा दान कहा जाता है। हमारे द्वारा दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बचती है। अतिथियों को कैंप प्राइड यूथ फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मानव सेवा संगम के प्रधान सतपाल नन्हेरी, एनजीओ के अध्यक्ष सरबजीत सिंह, हरमन जीत सिंह,जयंती चटर्जी, दीक्षा मेहता, सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# खाटू श्याम जाने के लिए 2 बसें रवाना

- कमेटी प्रधान से झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

संत शिरोमणि बाला जी मन्दिर कमेटी जाखल की ओर से सोमवार को बस सेवा यात्रा जाखल से सालासर व खाटू श्याम जी के लिए रवाना हुई। भक्तों ने खाटू श्याम बाबा के जयकारे लगाकर यात्रा शुरू की।

बता दें कि हर वर्ष की तरह इस बार भी 2 बसें खाटू श्याम जी व सालासर धाम के लिए रवाना हुई है। कमेटी प्रधान श्याम लाल सिंगला ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी शहर वासियों के सहयोग से बस सेवा को खाटू श्याम ले जाया जा रहा है। इस दौरान भक्तो में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। यह बसें सोमवार को खाटू श्याम बाबा के दर्शन के लिए पहुचेंगी, जिसके बाद मंगलवार को यह बसें सालासर धाम के दर्शन करेंगी।



जाखल। बस को झंडी देकर रवाना करते कमेटी प्रधान व अन्य।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान कमेटी प्रधान श्याम लाल सिंगला, डॉ अमित गर्ग, सैफी गर्ग, अजय सिंगला, मानिक चुघ, हरिचंद गर्ग, राज कुमार गर्ग सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बाल वाटिका स्कूल में बैग सजाओ प्रतियोगिता हुई



फतेहाबाद। बाल वाटिका स्कूल में आयोजित बैग सजाओ प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

**फतेहाबाद।** बाल वाटिका पब्लिक स्कूल में आज बैग सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के सभी बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। बच्चों ने अपनी पुस्तक व पुस्तिकाओं को रंगीन चार्ट, ग्लेस पेपर व सजावट की विभिन्न वस्तुओं का प्रयोग करके बहुत सुंदर तरीके से सजाया। कक्षा नर्सरी से आठवीं तक कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान विद्यार्थियों को स्कूल प्रधानाचार्या रोजी महतानी ने बधाई दी। उन्होंने बैग सजाओ प्रतियोगिता द्वारा सभी बच्चों को अपनी पुस्तक व पुस्तिकाओं को अच्छे ढंग से रखने के लिए प्रेरित किया।

---

# सहायक सामग्री से शक्षिण को बनाया जा सकता है अधिक रोचकः डॉ. ढींडसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जेसीडी शक्षिण महावद्यिालय सिरसा के बी.एड. प्रथम वर्ष के छात्र अध्यापकों द्वारा सोमवार को अपने शक्षिण अभ्यास सत्र के दौरान राजकीय वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय, सिकंदरपुर में शक्षिण सहायक सामग्री प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसमें महावद्यिालय के छात्र अध्यापकों ने बढ़ चढक़र भाग लिया। कार्यक्रम में जेसीडी शक्षिण महावद्यिालय के प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि इस कार्यक्रम को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य छात्र अध्यापकों के बीच रचनात्मकता को विकसित करने के साथ-साथ शक्षिण सीखने की प्रक्रिया में शक्षिण सहायता सामग्री के महत्व के बारे में जागरूक करना था। वद्यिालय में पढ़ाए जाने वाले सभी विषयों से संबंधित विभन्नि प्रकार के माडल, वर्किंग मॉडल आदि तैयार किए गए थे। मॉडल प्रदर्शनी में ममता दीया व पायल ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि अक्षदीप, रेखा, आरजू, अनिशा व वक्रिम ने संयुक्त रूप से द्वितीय एवं कुलवद्रिं, दव्यिा व मंजू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में चार्ट प्रदर्शनी में प्रथम स्थान कुलवद्रिं कुमार ने प्राप्त किया जबकि ममता, लवदीप, रेखा ने द्वितीय व नीलम, वक्रिम व मेघा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बाद में महावद्यिालय परिसर में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

#### पिछले 10 वर्ष से जाखल में है कार्यरत

# 34 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए बलविंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

सोमवार को जाखल थाना में तैनात एक पुलिस कर्मचारी की विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें जाखल थाना प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह के द्वारा विदाई पार्टी का कार्यक्रम किया गया। थाना प्रभारी द्वारा आयोजित कार्यक्रम फतेहाबाद जिले में एक मिसाल बन गया। विदाई समारोह में थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने सेवानिवृत्त हुए बलविंदर सिंह को एक चांदी का कड़ा व नोटों का हार डालकर उन्हें सम्मानित किया। इस विदाई समारोह में ब्लॉक के सरपंच, शहर के गणमान्य लोगों के साथ पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। बलविंदर सिंह ने बताया कि वह फरवरी 1990 में पुलिस में भर्ती हुए थे जो 1995 से हिसार और फतेहाबाद जिले अपनी सेवाएं दी है। पिछले 34 साल से हरियाणा पुलिस सेवा में कार्यरत हैं और लगभग 11 साल से जाखल थाना में तैनात हैं और अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बलविंदर सिंह ने कहा कि जाखल के लोगों ने मुझे बहुत प्यार और सम्मान दिया है। जाखल थाना प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह व जाखल क्षेत्र के लोगों द्वारा दिए गए सम्मान के लिए वह उनके आभारी रहेंगे। जाखल थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि नए पुलिस कर्मचारियों को ऐसे निष्ठभाव और कर्तव्य निष्ठ ईमानदार पुलिस कर्मचारी ईएसआई बलविंदर सिंह से प्रेरणा लेनी चाहिए क्योंकि पुलिस का काम आम जनता का सहयोग करना है। वह अपनी ड्यूटी को ईमानदारी और कड़ी मेहनत से करें और आमजन का प्यार ओर सम्मान प्राप्त करें।



जाखल। ईएसआई बलविंदर सिंह की सेवानिवृति पर विदाई देते पुलिस कर्मचारी व अन्य गणमान्य लोग।

### हकृवि में 1 मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 1 मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू होगी। इसके अन्तर्गत 1 मई से 31 जुलाई तक विश्वविद्यालय के कार्यालय प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुलेंगे। विश्वविद्यालय के मीडिया सलाहकार डॉ. संदीप आर्य ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेशभर में स्थित कृषि विज्ञान केंद्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा कृषि महाविद्यालय, कौल (कैथल) व कृषि महाविद्यालय, बावल (रेवाड़ी) में भी 1 मई से 31 जुलाई तक यही समय लागू होगा।

**बेदखली सूचना**

मैं अशोक कुमार पुत्र रिछपाल निवासी ढाणी डूल्ट, सब तहसील भूना, जिला फतेहाबाद ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र हिमांशु व उसकी पत्नी अन्नू ( मेरी पुत्रवधु) मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन दोनों से लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नही होगी।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### व्यापार को सुलभ बनाने पर किया विचार- विमर्श

**सिरसा।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई जिसमें संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, प्रदेश संयोजक नवीन गोयल, सहसंयोजक सौरव चौधरी, धीरज वालिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में विशेष अभियान के प्रदेश सहसंयोजक बालकिशन अग्रवाल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश में व्यापार को सुलभ बनाने के लिए विमर्श किया गया। बैठक का मुख्य एजेंडा व्यापारियों के लिए सुविधाओं को अधिकाधिक जुटाना था।

### लायंस क्लब रतिया सिटी की कार्यकारिणी घोषित

**रतिया।** लायंस क्लब रतिया सिटी के अध्यक्ष प्रदीप बंसल ने कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। उन्होंने गोपाल चंद कुलरियां को सचिव और विपिन बंसल को फिर से कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसी के साथ हरवीर जौड़ा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जीवन रहेजा को उपाध्यक्ष व सुखचरण दास अरोड़ा को सर्विसेज प्रोजेक्ट चेयरमैन बनाया गया है। उपस्थित सदस्यों ने नई चुनी टीम को बधाई दी। नई चुनी टीम ने क्लब अध्यक्ष का आभार प्रकट किया और आश्वासन दिया कि आपके साथ पूरी तन देही से समाज सेवा के कार्य करते रहेंगे।

### श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग डाला गया

**रतिया।** पंडित आत्माराम मैमोरियल धर्मार्थ धर्मशाला सभा के संयोजन से धर्मशाला के प्रांगण में पंडित बाबा आत्माराम जी की बरसी के उपलक्ष्य में श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग डाला गया और भंडारा मनाया गया और गुरु का लंगर भी अटूट चलाया गया इस मौके पर पूरे शहर के व आस पास के श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर प्रधान ऋषिकेश गर्ग, महासचिव धीरज मोंगा एडवोकेट, गोरव शर्मा, गुरविंदर सिंह, उमेश मेंहदीरत्ता, फतेहचंद सरदाना, दीपक अरोड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।

### चोरी का आरोपी दबोचा कोर्ट ने रिमांड पर भेजा

**डबवाली।** शहर थाना पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि बीते दिवस विजय कुमार पुत्र शिव दयाल निवासी रविदास नगर मंडी डबवाली की शिकायत पर कुमारी सैलजा के कार्यक्रम में जेब से दस हजार की नकदी चोरी होने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान व सीसीटीवी फुटेज की सहायता से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान राजु पुत्र कृष्ण कुमार निवासी गिदड़बाहा पजांब के रुप में हुई है।

### श्री राधा कृष्ण सेवा आश्रम में सत्संग का महत्व बताया

**रतिया।** श्री राधा कृष्ण सेवा आश्रम में विशाल सत्संग कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें आश्रम के संचालक स्वामी श्याम सुंदर दास ने कथा का महत्व बताते हुए लोगों को अपने दिनचर्या में सत्संग कीर्तन के लिए अवश्य समय निकालने का आह्वान किया। धर्मेन्द्र गोस्वामी ने समारोह श्री कृष्ण-सुदामा, मीराबाई भगत धन्ना जाट तथा अन्य कई प्रभु भक्ति के किस्से सुना कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

### बिल्डिंग सोसायटी के सर्वसम्मति से चुने सदस्य

**रतिया।** दी रतिया इंप्लाइज कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी की वर्तमान कमेटी का कार्यकाल पूरा होने पर आज समिति की आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में पीठासीन अधिकारी इंस्पेक्टर निरीक्षक दीपक कुमार व उपनिरीक्षक शिवकुमार की देखरेख में नई 7 सदस्य कमेटी के चुनाव किया गया। बैठक में मौजूद समिति के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सात सदस्यों को चुन लिया जिस पर अधिकारियों ने भी अपनी मोहर लगा दी। नए चुने गए सदस्यों में लखबीर सिंह, गणेशी लाल, बलबीर सिंह, राजेन्द्र कुमार, मनजीत कौर व अन्य मौजूद रहे।

### कॉलेज प्रशासन ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# सीडीएलयू परीक्षाओं में एमएम कॉलेज के विद्यार्थी रहे अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा द्वारा घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में फतेहाबाद के मनोहर मैमोरियल पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा है। खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के बाद शिक्षा के क्षेत्र में भी इस कॉलेज के विद्यार्थी यूनिवर्सिटी में अव्वल स्थान पर रहे है। एमए हिस्ट्री एंड आर्किलॉजी, एमएससी गणित, एमकॉम, पीजी डिप्लोमा इन योगा, बीए पंजाबी ऑनर्स प्रथम समेस्टर, बीए पंजाबी थर्ड समेस्टर व बीए पंजाबी पांचवें समेस्टर में जहां प्रथम स्थान हासिल किया।


**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य।

#### परीक्षाओं में छाए

इसके अलावा एमए अंग्रेजी, एमएससी कैमिस्ट्री, एमएससी गणित, पीजी डिप्लोमा इन योगा के अलावा बीए पंजाबी प्रथम समेस्टर व बीए पंजाबी तृतीय समेस्टर में द्वितीय स्थान हासिल किया वहीं एमए इकनॉमिक्स, एमए इंग्लिश, एमए इकनॉमिक्स, एमए पॉल साईंस व बीएल एंड आईएस व पीजी डिप्लोमा इन योगा के अलावा बीकॉम तृतीय समेस्टर बीकॉम पांचवां समेस्टर, बीएससी मेडिकल पांचवां समेस्टर व बीए पंजाबी पांचवें समेस्टर में कॉलेज के विद्यार्थी यूनिवर्सिटी में तीसरे स्थान पर रहे हैं। कॉलेज को मिली इस शानदार सफलता से कॉलेज में खुशी की लहर है। सोमवार को कॉलेज प्रांगण में अव्वल रहे विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर इन मेधावी विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे जोकि अपने बच्चों को मिली सफलता से फूले नहीं समां रहे थे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास व सभी स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एमएम एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन आत्मप्रकाश बत्रा, प्रधान राजीव बत्रा, सचिव विनोद मेहता एडवोकेट, उपप्रधान अशोक तनेजा, कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा, शिक्षण संस्थान के उपप्रधान संजीव बत्रा व समस्त मैनेजमेंट सदस्यों ने भी इन विद्यार्थियों और कॉलेज स्टाफ सदस्यों को बधाई दी है।

#### इन विद्यार्थियों ने किया कॉलेज का नाम रोशन

सीडीएलयू के परिणाम में बीए प्रथम पंजाबी ऑनर्स की छात्रा रमनदीप कौर, बीए द्वितीय वर्ष पंजाबी ऑनर्स से उर्मिला, बीए तृतीय वर्ष पंजाबी ऑनर्स से कविता, एमकॉम में ममता शर्मा, एमएससी मैथ में मोनू रानी, एमए हिस्ट्री में स्नेहा व पीजी डिप्लोमा इन योगा में परविन्द्र कौर ने यूनिवर्सिटी में पहला स्थान हासिल किया है। इसके अलावा बीए प्रथम वर्ष पंजाबी ऑनर्स में आरजू, बीए तृतीय वर्ष पंजाबी ऑनर्स में अर्चना, एमए इंग्लिश में चाहत, एमएससी कैमिस्ट्री में समीक्षा रानी, एमएससी मैथ्स में प्रियंका, पीजी डिप्लोमा इन योगा में अकविन्द्र कौर ने द्वितीय स्थान पाया। बीए तृतीय वर्ष पंजाबी ऑनर्स में हरप्रीत सिंह, बीकॉम द्वितीय वर्ष में वंशिका, बीकॉम तृतीय वर्ष में अभिनव बंसल, बीएएसी तृतीय वर्ष मेडिकल में रेणुका रानी, बीए एंड आईएस में नेहा, एमए इंग्लिश में सुमेस्ता, एमए इकनॉमिक्स में मनजीत रानी, एमए हिस्ट्री में रितिका, एमए पॉल साईंस में आशु रानी व पीजी डिप्लोमा इन योगा में आरती रानी तृतीय स्थान पर रही है।

# समाज को एकजुट करना जरूरी

■ ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी द्वारा महिला जिलाध्यक्ष राखी मक्कड़ की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यअतिथि के तौर पर ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साहब दयाल वधवा, जिलाध्यक्ष औम प्रकाश चुघ और प्रमुख समाजसेवी अशोक मित्तल ने भाग लिया।

समारोह में महिला जिलाध्यक्ष राखी मक्कड़ द्वारा अतिथियों को शाल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया गया और समाज के उत्थान को लेकर उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इसके अलावा न्याय दिलाओ लोकतंत्र बचाव से जुड़े प्रमुख समाजसेवी अशोक मित्तल का भी राखी मक्कड़ द्वारा शाल ओढ़ाकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। समारोह के दौरान ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के पदाधिकारियों द्वारा फतेहाबाद जिला में संगठन के कायार्ें को आगे बढ़ाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साहब दयाल वधवा ने कहा कि समाज को खासकर महिलाओं को एकजुट करने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने में राखी मक्कड़ द्वारा किए जा रहे प्रयास काफी सराहनीय है। ऐसी महिला शक्ति पर आज पूरे समाज को गर्व है।

जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ व अशोक मित्तल ने भी राखी मक्कड़ द्वारा दिए गए सम्मान के लिए उनका आभार जताया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का धन्यवाद करते हुए राखी मक्कड़ ने कहा कि समाज के बड़े-बुजुगार्ें द्वारा दिए गए आशीर्वाद व मार्गदर्शन की बदौलत वे समाजहित के अपने प्रयासों को भविष्य में भी इसी तरह जारी रखेंगी।


**फतेहाबाद।** ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के पदाधिकारियों को सम्मानित करते महिला जिलाध्यक्ष राखी मक्कड़।

### जेजेपी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा पहुंचे चौटाला हाउस

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा ने सोमवार को जेजेपी के अनेक पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान चौटाला हाउस में सिरसा संसदीय क्षेत्र से जेजेपी प्रत्याशी रमेश खटक भी मौजूद थे। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा ने कहा कि जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के मार्गदर्शन में जेजेपी परिवार का निरंतर वस्तिार हो रहा है और पूरे हरियाणा में लोग संसदीय चुनावों में जेजेपी उम्मीदवारों का खुलकर समर्थन व सहयोग कर रहे हैं।

# मतदान करना लोकतंत्र की शक्तिः डॉ. चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

भारत विकास परिषद शाखा सिरसा की आमसभा की बैठक, दायत्वि ग्रहण संबंधी कार्यक्रम सोमवार को शाखा अध्यक्ष प्रमोद मोहन गौतम की अध्यक्षता में परिषद भवन में हुआ। इस अवसर पर शाखा सचिव द्वारा गत वर्ष सेवा, संपर्क, सहयोग एवं मातृशक्ति द्वारा किए गए कार्यों की एक संक्षप्ति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। शाखा अध्यक्ष प्रमोद मोहन गौतम ने आगामी वर्ष में शाखा द्वारा चलाए जाने वाले स्थाई प्रकल्पों से सभी सदस्यों को अवगत करवाते हुए बताया कि शाखा शीघ्र ही भाविप सेवा केंद्र स्थापित कर सेवा के स्थाई प्रकल्प प्रारंभ करेगी और इसे मूर्त रूप देने के लिए परिषद परिवार के सदस्यों द्वारा अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ एवं बुजुर्गों की याद में आर्थिक सहयोग किया जा सकता है। शाखा अध्यक्ष प्रमोद मोहन गौतम, शाखा सचिव सतपाल जोत, शाखा कोषाध्यक्ष राजेश महेश्वरी एवं महिला संयोजिका कुसुमलता गोयल व अन्य मौजूद रहे।

# क्रेसण्ट में नृत्य दिवस की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने सुविचार, व्याख्यान, कविता एवं नृत्य प्रदर्शन से कार्यक्रम को जीवांत बना दिया। छात्र विक्रांत ने अपने विचार के माध्यम से बताया कि नृत्य से उत्साह एवं अच्छा स्वास्थ्य भी बना सकते हैं।

ईशान ने अपने व्याख्यान के माध्यम से नृत्य दिवस के बारे में जानकारी देते हुए अलग-अलग प्रांतों के नृत्यों से अवगत कराया। सक्षम ने अपनी कविता 'जीवन के हर कण में है नृत्य, खुशियों का स्त्रोत है नृत्य' के माध्यम से जीवन में नृत्य का आनंद लेने का एक सुंदर तरीका बताया। कक्षा सातवीं की छात्राओं ने साउथ इंडियन नृत्य की पेशकश द्वारा सभी को रोमांचित कर दिया। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों के लिए इंटर क्लास नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पंजाबी एवं राजस्थानी लोक नृत्य पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस प्रतियोगिता में पिहु को प्रथम, मिष्टी व रमनीत को द्वितीय एवं दिशा व अनंतवीर को तृतीय तथा यशवी व पलक को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्राइमरी विंग के जयवर्धन, मयंक एवं मन्नत ने अपने-अपने सुविचारों के माध्यम से नृत्य की सृजनात्मक अभिव्यक्ति को प्रकट किया।


**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर प्रस्तुति देती छात्राएं।

■ पिहु को प्रथम, मिष्टी व रमनीत को द्वितीय स्थान प्राप्त किया

### महाविद्यालय में छात्राओं को दी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी

**रतिया।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रतिया में सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में छात्राओं को जागरूक किया गया। प्राचार्य प्रेम मेहता ने इस जागरूकता अभियान के लिए ट्रैफिक पुलिस रतिया की प्रशंसा करते हुए छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सज्जन कुमार ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा पर आधारित वीडियो के माध्यम से जागरूक किया, जिसमें मुख्य रूप से शराब पीकर गाड़ी न चलाना, सड़क पर चलते हुए नियमों का पालन करना, गाड़ी चलाते हुए सीट बेल्ट बांधना, ट्रैफिक लाईट नियमों का पालन करना जरूरी है।

# उपायुक्त का भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करने वालों पर कानूनी कार्रवाई का आदेश गैर कानूनीः विरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा के विधायक गोपाल कांडा की मिलीभगत से उपायुक्त द्वारा विकास कार्यों में धांधली व अनियमितताओं की शिकायत करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का फरमान गैर कानूनी है।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विरेंद्र कुमार एवं पार्टी फाऊंडर मेंबर धर्मपाल लाट ने संयुक्त रूप से सोमवार को जारी बयान में बताया कि उपायुक्त सिरसा द्वारा नगर परिषद के कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत करने पर कानूनी कार्रवाई का आदेश पारित कर नगर परिषद के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने वालों को डराने का प्रयास किया जा रहा है। आप नेताओं ने कहा कि नगर परिषद सिरसा में लूट और करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार से पिछले पांच सालों से सिरसा की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है।

कुछ जागरूक नागरिक समय-समय पर नगर परिषद के भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं। जागरूक नागरिकों को डराने और भ्रष्टाचार को खुलेआम करने के लिए विधायक गोपाल कांडा और उपायुक्त सिरसा गैर कानूनी फरमान जारी कर रहे हैं। सिरसा के जागरूक नागरिकों द्वारा नगर परिषद के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने के कारण नगर परिषद के भ्रष्ट अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ स्टेट विजीलेंस व पुलिस द्वारा अनेक मामले दर्ज किए गए हैं और घोटालों की अनेक शिकायतों की जांच सरकार और प्रशासन के पास लंबित है। आम आदमी पार्टी द्वारा करोड़ों रुपए के डस्टबिन घोटाले को उजागर किया गया।

जिसमें करोड़ों रुपए के डस्टबिन कागजों में दिखाकर शहर की अलग-अलग लोकेशनों पर लगाए दिखाए गए। डस्टबिन घोटाले में भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने में जिला प्रशासन द्वारा सिरसा की ईमानदार जनता को चोर बताकर एफआईआर दर्ज की गई कि नगर परिषद द्वारा जो डस्टबिन लगाए गए थे, वो लोग चोरी कर ले गए थे।

### श्रद्धालुओं ने मनाया डेरा सच्चा सौदा का 76वां स्थापना दिवस


**सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा का 76वां स्थापना दिवस आज शाह सतनाम धाम में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साध-संगत ने डेरा प्रमुख को बधाई दी। डेरा के कविराजों ने भक्तिमय भजनों से सतगुरु की महिमा का गुणगान किया। डेरा सच्चा सौदा की ओर से किए जा रहे 162 मानवता भलाई कार्यों को गति देते हुए क्लॉथ बैंक मुहिम के तहत जरूरतमंद बच्चों को कपड़े वितरित किए गए। भंडारे की खुशी में डेरा प्रमुख द्वारा भेजा गया 19वां पत्र साध-संगत को पढ़कर सुनाया गया। चि_ी के माध्यम से डेरा प्रमुख ने साध-संगत को स्थापना दिवस के एमएसजी भंडारे की बधाई और आशीर्वाद दिया। साथ ही डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत द्वारा किए जा रहे 162 मानवता भलाई कार्यों की फेहरस्ति में एक कार्य और जोड़ दिया है, जिसका नाम है पालतु संभाल, यानी पालतु पशुओं को आवारा नहीं छोड़ेंगे। उपस्थित साध-संगत ने अपने दोनों हाथ खड़े कर पालतु संभाल कार्य करने का प्रण लिया। सत्संग के दौरान डेरा सच्चा सौदा के स्थापना दिवस से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई।

# अस्पताल गई विवाहिता लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भूना में दादी सास को दवाई दिलवाने आई एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई और 15 दिन बीत जाने के बावजूद भी उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। महिला पुलिस जांच अधिकारी सुनीता देवी ने बताया कि लापता विवाहिता युवती की तलाश के लिए पंजाब व रतिया तथा टोहाना के कई एरिया में संदिग्ध ठिकानों पर जाकर जांच की जा चुकी है, परंतु कहीं भी लापता विवाहित युवती का सुराग नहीं लग पाया। पुलिस युवती की तलाश के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार ढक्की मोहल्ला के वार्ड नंबर 11 निवासी राहुल ने बताया कि उसकी शादी करीब एक साल पहले रतिया की गुरजीत कौर के साथ हुई थी। उनके गृहस्थी जीवन में कोई भी दिक्कत नहीं थी। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को सुबह साढ़े 9 बजे उसकी दादी को गुरतेज कौर सीएचसी केंद्र भूना में दवाई दिलवाने के लिए घर से लेकर आई थी। वह उसकी दादी को अस्पताल में कुर्सी पर बैठाकर पर्ची कटवाने गई थी, लेकिन तभी से लेकर आज तक उसका कोई भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी गुरजीत कौर की तलाश के लिए आस पड़ोस और रिश्तेदारियों में भी संपर्क किया गया, मगर कहीं भी गुरजीत कौर के बारे में जानकारी नही मिली। पुलिस में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस भी विवाहित युवती की तलाश को लेकर काफी भागदौड कर चुकी है, मगर कहीं भी सफलता नहीं मिली। थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि विवाहित युवती की तलाश को लेकर महिला पुलिस लगातार इधर-उधर ढूंढने का प्रयास कर रही है। विवाहित युवती के पास मोबाइल फोन इत्यादि नहीं है इसलिए उसे खोजने में दिक्कत आ रही है।


**भूना।** लापता गुरजीत कौर का फाइल फोटो।

### जनता को मुद्दों से भटका रही भाजपा



**कालांवाली।** कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा ने कहा कि मोदी सरकार जनता को मुद्दों से भटका रही है जबकि राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े देश की जनता को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लड़ रहे है। हमारी लड़ाई एक ऐसी विचारधारा के साथ है जो देश को धर्म व जाति के नाम पर बांटने का काम कर रही है। पर हम इस देश को बंटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पांच न्याय की 25 गारंटियों के तहत सभी वर्गों को लाभ दिया जाएगा। कुमारी सैलजा सोमवार को कालांवाली में चुनाव कार्यालय के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि चुनाव में मुद्दे बहुत है जनता मोदी सरकार से सवाल पूछना चाहती है पर बीजेपी असली मुद्दों पर बात करने की बजाय लोगों का ध्यान भटकाने में लगी हुई है।

### महिलाओं ने निकाली मंगल कलश एवं ध्वजा यात्रा

# भागवत श्रवण से मिलती पापों से मुक्ति : स्वामी भगवानदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अखिल भारतीय धर्मसभा के तत्वावधान में कुमार गौरव स्वामी व चंद्रमोहन स्वामी द्वारा श्री मद्भागवत कथा का आयोजन सोमवार को जनता भवन स्थित राम भवन परिसर में किया गया। श्री मद्भागवत कथा से पूर्व विशाल मंगल कलश एवं शोभा यात्रा निकाली गई। मंगल क्लश यात्रा हिसार रोड स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर से आंरभ हुई। शोभा यात्रा में 151 महिलाएं अपने सिर पर मंगल कलश धारण किए चल रही थी उनके पीछे श्रद्धालु महिलाएं व पुरूष हाथ में धर्म पताका लिए हुए चल रहे थे। धर्म प्रेमी लोग सुंदर भजनों का उच्चारण कर रहे थे। बैंड बाजों और ढोल नगाड़ो, धार्मिक धुनों ने माहौल को भक्तिनुमा बना दिया। इस शोभा यात्रा के दौरान फूलों से सुसज्जित रथ पर कथा वाचक अखिल भारतीय धर्मसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर योगाचार्य स्वामी भगवानदेव परमहंस के शष्यि दिनेशानंद शास्त्री महाराज विराजमान थे। मंगल कलश यात्रा सनातन धर्म मंदिर से आरंभ होकर नगर के प्रमुख बाजारों परशु राम चौक, भगत सिंह चौक, सुभाष चौक, पुरानी सब्जी मंडी, जगदेव सिंह चौक होते हुए राम भवन परिसर में कथा स्थल पर पहुंची। शोभा यात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया। श्री मदभागवत कथा के आंरभ से स्वामी दिनेशानंद शास्त्री ने पूजा अर्चना करवाई जिसमें कुमार गौरव स्वामी व चंद्रमोहन स्वामी ने सपत्नी भाग लिया। उसके उपरांत श्री मद्भागवत कथा पर प्रवचन करते हुए स्वामी जी ने कहा कि शोभा यात्रा में महिलाओं द्वारा अपने सिर पर मंगल कलश धारण करने का भी एक अहम उद्देश्य है।


**सिरसा।** कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

#### मंगल कलश धारण करने से आत्मा शुद्ध होती है

स्वामी जी ने कहा कि आज से 5000 हजार वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश के जिला सीतापुर के गांव नैमिषारण्य में 88000 हजार ऋषियों ने एक हजार साल की कथा की। उस समय भी कथा से पूर्व हजारों की संख्या में ऋषियों, मुनियों ने महिलाओं के साथ शामिल होकर मंगल कलश यात्रा निकाली थी। मंगल कलश धारण करने से जहां आत्मा शुद्ध एवं पवत्रि होती है वहीं इसके धारण करने से अनेक बीमारियों से भी मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि मंगल कलश में भरा हुआ जल आम पानी न होकर सात दिनों की भागवत के उपरांत अमृत बन जाता है। उन्होंने कहा कि इस जल को पीने से बिमारी दूर होती है, इससे स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और इस पवत्रि जल को घर में छिडक़ने से दुखों का नाश होता है, घर में सुख स्मृद्धि का वास होता है। स्वामी जी ने कहा कि श्री मदभागवत कथा भगवान कृष्ण का शरीर स्वरुप है। इस कथा के श्रवण से मनुष्य के शरीर में छिपे हुए ज्ञान, वैराग्य, मुक्ति को जागृत करती है। कथा का पाठ करने और सुनने वालों को मोक्ष की प्राप्ति होती है, पापों से मुक्ति मिलती है। कथा के श्रवण से जीवन का नर्मिाण होता है। स्वामी जी ने कहा कि मानव को यदि संत मिल जाए तो उसे संत का आदर करना चाहिए।

### कांग्रेस नेता जग्गू मिस्त्री नहीं रहे



**रतिया।** रतिया क्षेत्र में वर्ष 2000 में कांग्रेस के उम्मीदवार रहे जगदीश मिस्त्री जग्गू का देर रात्रि को निधन हो गया, जिनका सोमवार दोपहर को गमगीन मॉल में बुधलाड़ा रोड रामबाग में अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम संस्कार में शहर की सभी राजनीतिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कांग्रेसी नेता रहे जग्गू मिस्त्री दबंग व बेधड़क छवि के नेता माने जाते थे। वार्ड नंबर 14 में रहने वाले जग्गू मिस्त्री की पत्नी वार्ड की पार्षद भी रही है। स्पष्टवादी नेता होने के चलते जग्गू मिस्त्री की कांग्रेस पार्टी में राष्ट्रीय सत्तर तक पहचान रही है पहचान रही है।